संजम-सारो

(संयम सार)

मंगल आशीर्वाद :

परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती

श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज

लेखक :

आचार्य वसुनंदी मुनि

कृति : संजम-सारो (संयम सार)

मंगल आशीर्वाद : प.पू. सिद्धान्त चक्रवर्ती श्वेतपिच्छाचार्य
श्री विद्यानंद जी मुनिराज

कृतिकार : प्राकृतभाषा चक्रवर्ती आचार्य
श्री वसुनंदी जी मुनिराज

सम्पादन : आर्यिका वर्धस्व नंदिनी

संस्करण : प्रथम (सन् 2026)

प्रतियाँ : 1000

ISBN : **978-93-94199-96-5**

मूल्य : 24/- (Not for Sale)

प्रकाशक : निर्ग्रन्थ ग्रंथमाला समिति (रजि.)

प्राप्ति स्थल : निर्ग्रन्थ ग्रंथमाला समिति कार्यालय
मो. 9971548889, 8800091252

मुद्रक : मित्तल इंडस्ट्रीज़, नई दिल्ली
मो. 9312401976

Visit us @ www.acharyavasunandi.com

संपादकीय

ज्ञप्त्या दृष्ट्या युतं सम्यक् चारित्रं तन्निरूप्यते।
सतां सेव्यं जगत्पूज्यं स्वर्गादिसुखसाधनम्॥

–(त.ज्ञान तरंगिणी, 12/17)

जो सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान से सहित है, सत्पुरुषों के द्वारा सेवनीय है, जगत्पूज्य है और स्वर्गादि के सुख का साधन है, वह सम्यक् चारित्र कहलाता है।

सद्दर्शन-ज्ञानतपोदयाढ्या-श्चारित्रभाजः सफलाः समस्ताः।
व्यर्थाश्चरित्रेण विना भवन्ति, ज्ञात्वेह सन्तश्चरिते यतन्ते॥

–सुभाषित रत्नसंदोह, 242)

जो सम्यग्दर्शन, ज्ञान, तप और दया से सहित होते हुए चारित्र धारण करते हैं, वे सब सफल हैं, तथा जो चारित्र से रहित हैं, वे सब निष्फल हैं; ऐसा जानकर सत्पुरुष चारित्र में यत्न करते हैं।

धनहीनोऽपि सद्वृत्तो याति निर्वाणनाथताम्।
चक्रवर्त्यप्यसद्वृत्तो याति दुःख-परम्पराम्॥

–(सार समुच्चय, 283)

सम्यक् चारित्र का धारक मनुष्य धनहीन होकर भी मोक्ष का स्वामी हो जाता है, और सम्यक् चारित्र से रहित चक्रवर्ती भी दुःखों की सन्तति को प्राप्त होता है।

यदि सम्पूर्ण दिवस आकाश मेघ से आच्छादित हों तो, जिस प्रकार वे दुर्दिन कहलाते हैं उसी प्रकार यदि जीवन में असंयम के श्याम मेघ छाए हों तो वह जीवन भी स्वपर के

लिए मङ्गलकारी नहीं होता। जिस प्रकार चन्द्रमा के बिना रात्रि, जल के बिना सरिता, शील के बिना स्त्री, सुसंस्कार के बिना सन्तान, प्रेम व विश्वास के बिना दाम्पत्य जीवन, पुष्पों के बिना वाटिका, सुगन्ध के बिना पुष्प, व्याकरण के बिना वाणी, पण्डितों के बिना सभा, दन्त के बिना हाथी, धर्मोत्सवों के बिना मन्दिर सुशोभित नहीं होता उसी प्रकार व्रत, संयम या चारित्र के बिना मुनि-जीवन सुशोभित नहीं होता। जीवन में निर्दोष संयम उसे निराबाध रूप से अव्याबाध सुख की ओर गतिमान् करता है।

परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी, प्राकृतभाषा चक्रवर्ती आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज कृत **'संजम-सारो'** नामक यह ग्रन्थ 183 गाथाओं में लिपिबद्ध है। यह 'संजमसारो' (संयम-सार) जैन दर्शन की उस मूल चेतना का सशक्त प्रतिपादन है जिसके सद्भाव में ही जीव अनादिकालीन संसार-चक्रमण का नाश करके अपनी शुद्ध स्थिति व शुद्ध स्वभाव को प्राप्त कर सकता है। कायिक नियन्त्रण पुनः वाचनिक नियन्त्रण से गुजरते हुए मानसिक नियन्त्रण तक सर्वसंयम के अन्तर्गत ही उक्त है।

आकाङ्क्षाओं पर विवेक का अङ्कुश, इन्द्रिय-निग्रह, मर्यादित स्वपर आत्महितकारी वाणी, शुद्ध विचार ये सब संयम ही है। संयम जीवन को कठोर नहीं बनाता अपितु उसे अनुशासित व परिष्कृत करता है। जहाँ इच्छाओं का अनियन्त्रित विस्तार मात्र अशान्ति को जन्म देता है, वहीं संयम उस पर अङ्कुश लगाकर आत्मिक सुख, शान्ति व स्थिरता प्रदान करता है। काय का संयम आचरण को पवित्रता प्रदान करता है, वाणी का संयम व्यवहारजगत् में मधुरता प्रदान करता है और विचारों का संयम विकारों से रक्षा करता है।

संयम ही वह ढाल है जिससे आत्मा की ओर जाने वाले कर्म बाणों को रोका जा सकता है, संयम ही वह अस्त्र है जिससे आत्मा में छिपे शत्रुओं को नष्ट किया जा सकता है, संयम ही वह औषधि है जिससे जन्म-जरा-मृत्यु जैसे रोगों का उपचार किया जा सकता है। संयम ही वह जल है जिससे कर्ममल का प्रक्षालन सम्भव है। आचार्य श्री ने स्वयं ग्रन्थ में कहा है-

सलिलवरिसाए हंदि, काणणम्मि उवसमिद-महाणलं व।
उवसमदि संजमेणं, पावगं विसयकसायाणं।।47।।

विषय-कषायों की अग्नि संयम से उसी प्रकार शमित हो जाती है, जैसे जल की वर्षा से वन में महा-अग्नि शमित हो जाती है।

प्रस्तुत ग्रन्थ "**संजमसारो**" में आचार्य भगवन् श्री वसुनन्दी जी मुनिराज ने संयम की आवश्यकता, दुर्लभता व माहात्म्य के भेद व स्वरूप के साथ सामायिकादि पाँच प्रकार के संयमों की विविध गुणस्थानों में उपलब्धि, पुलाकादि पाँच प्रकार के संयतों के स्वरूप, उनकी लेश्या, गुणस्थान, उपपाद स्थानादि का सूक्ष्म विवेचन किया है। ग्रन्थ के अन्तर्गत संयम को वृद्धिङ्गत करने वाली वा स्थिरता प्रदान करने वाली एवं संयम के प्रतिकूल भावनाओं का भी वर्णन है।

यह ग्रन्थ 'गागर में सागर' की उपमा को सार्थकता प्रदान करता है। ग्रन्थ में किया गया संयम का सूक्ष्म विश्लेषण विद्वत्जनों, संयमीजनों एवं सज्जनों को आनन्द प्रदान करने वाला है। भोगप्रधान संस्कृति में जहाँ असन्तोष और तनाव बढ़ता जा रहा है, वहाँ यह ग्रन्थ मर्यादा व संयम के सौंदर्य का बोध

कराता है। मानव जितना अधिक सुविधा सम्पन्न होता जा रहा है, उसे मानसिक अशान्ति उतनी ही अधिक हो रही है। स्पष्ट है कि अनन्त इच्छाएँ दुःख का कारण हैं और संयम सुख व शान्ति का हेतु है।

ग्रन्थ सम्पादन का उद्देश्य पाठकों को इस अमूल्य ग्रन्थ के अध्ययन, मनन और आचरण की ओर प्रेरित करना है, जिससे संयम जीवन का भार नहीं बल्कि जीवन का शृंगार बन सके। पूज्य आचार्य भगवन् की चरणधूल ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उनके द्वारा प्रदत्त संयम का पथ हमारे लिए केवल साधना नहीं, बल्कि जीने की कला व जीवन का आधार बन गया है। आचार्य गुरुवर की करुणामयी दृष्टि, संयममय आचरण और शास्त्रनिष्ठ वाणी हमें संयममय जीवन की शिक्षा देती है।

प्रस्तुत ग्रन्थ 'संजम-सारो' केवल एक ग्रन्थ नहीं बल्कि आचार्य गुरुवर के निर्मल हृदय का प्रतिबिम्ब है। चारित्र शिरोमणि, तपोमूर्ति, संयम के शिखर पुरुष आचार्य भगवन् जब संयम के विषय में अपनी लेखनी चलाते हैं तब निःसन्देह वह ग्रन्थ जीवन्त रूप में संयम की शिक्षा देने वाला और उसकी ओर प्रेरित करने वाला होता है।

आचार्य भगवन् ने सम्यग्दर्शन को विस्तार से प्ररूपित किया तो वह 'सम्मत्त-सारो' के रूप में उद्घाटित हुआ, ज्ञान के विषय का उल्लेख 'णाण-सारो' के रूप में प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ और सम्यक् चारित्र का विवेचन 'संजम सारो' के रूप में प्रस्तुत है। आचार्य भगवन् द्वारा शताधिक प्राकृत ग्रन्थों का लेखन विद्वज्जनों के लिए मानो शोध का विषय बन गया कि एक साधक तपस्या में निरत है, आचार्य के रूप में महासंघ

के अनुशासक हैं, पञ्चाचार का पालन करने व शिष्यों को उसका पालन कराने में संलग्न हैं, देशभर में विहार कर तीर्थयात्रा, तीर्थ निर्माण, जीर्णोद्धार, पञ्चकल्याणक, धर्मोपदेश इत्यादि के माध्यम से जिनशासन प्रभावना में रत हैं, समाजादि के मार्गनिर्देशक हैं, वे इतने ग्रन्थों का लेखन कब व कैसे कर लेते हैं; किन्तु जो इसके प्रत्यक्षदर्शी हैं वे उनकी स्वाध्याय में लगन, अध्ययनशीलता, अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगिता, श्रुतभक्ति को देखकर स्वयं को धन्य अनुभव करते हैं मानो पञ्चमकाल में भी श्रुतकेवली के चरणों में आश्रय पाया हो। आचार्य भगवन् की जिनभक्ति, गुरुभक्ति व प्रवचन भक्ति नमस्करणीय व अनुकरणीय है।

प्रस्तुत ग्रंथ **''संजम-सारो''** अर्थात् (संयम सार) के संपादन में कोई त्रुटि रह गई हो तो विज्ञजन संशोधित कर पढ़ें, हंसवत् गुणग्राही दृष्टि से ग्रंथाध्ययन करें। जन-जन के श्रद्धापुञ्ज परम पूज्य प्राकृतभाषा चक्रवर्ती, अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य गुरुवर श्री वसुनंदी जी महाराज का संयम, तप, ज्ञान व साधना का सौरभ सहस्रों वर्षों तक विश्व को सुरभित करता रहे। गुरुवर श्री को आरोग्य लाभ हो एवं अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करें। परम पूज्य गुरुवर श्री के चरणों में सिद्ध-श्रुत-आचार्य भक्ति सहित कोटिशः नमोस्तु! नमोस्तु! नमोस्तु!

श्री शुभ मिति फाल्गुन शुक्ल पंचमी **ॐ अर्हं नमः**
श्री वीर निर्वाण संवत् 2552 **–आर्यिका वर्धस्व नंदिनी**
वार-रविवार 22.2.2026
सिद्धक्षेत्र पटना (श्री सुदर्शन स्वामी मोक्षस्थली)

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विषय	गाथा सं.	पृ.सं.
1	मङ्गलाचरण	1-2	1
2	ग्रन्थ लेखन प्रतिज्ञा	3	1
3	गुरुकृपा से ग्रन्थलेखन	4-9	2
4	ग्रन्थ शोभा	10-13	3
5	ग्रन्थकार विनम्रता	14	4
6	शुद्धात्मध्यान कैसे?	15-18	4
7	मनुष्यभव बिना संयम नहीं	19-20	5
8	संयम बिना आत्महित नहीं	21	6
9	संयम किसके लिए आवश्यक	22	6
10	संयम हेतु योग नियन्त्रण आवश्यक	23	6
11	दीर्घ संसारी के संयमभाव भी नहीं	24	6
12	सुखाकाङ्क्षी के संयम नहीं	25	7
13	निगोद के दु:ख	26	7
14	सम्यक्त्वादि ग्रहण में असमर्थ जीव	27	7
15	देश व सकल संयम के अपात्र	28	8
16	तिर्यञ्चों के कदाचित् देशव्रत	29	8
17	सकल-संयम के अपात्र	30	8
18	संयम पात्रता	31-36	8
19	वैराग्य बिना संयम भारभूत	37	10
20	संयमियों के मध्य, संयम का अग्राहक मूर्ख	38-39	10
21	दृष्टान्त संयम की दुर्लभता	40-43	11
22	रत्नत्रय बिना स्वानुभूति नहीं	44	11
23	भवभ्रमण के हेतु-राग व द्वेष	45	12
24	संयम की स्थिरता किससे?	46	12
25	संयम से विषय-कषायादि शमित	47	12
26	रत्नत्रय से मोक्षफल	48	13
27	सम्यक्त्व बिना संयम मोक्षकारक नहीं	49	13
28	सम्यक्त्व बिना संयम नहीं	50	13
29	आत्मगुणप्रकाशक-संयम	51	13
30	संयम का लक्षण	52-53	14

31	व्यवहार संयम	54-55	14
32	व्यवहार संयम के पर्यायवाची	56	15
33	निश्चय संयम	57	15
34	निश्चय संयम के पर्यायवाची	58	15
35	प्राणी व इन्द्रिय संयम	59	15
36	सकल व विकल संयम	60	16
37	उपेक्षा व अपहृत संयम	61	16
38	अपहृत संयम के भेद	62-64	16
39	सतरह प्रकार का संयम	65-68	17
40	संयम मार्गणानुसार भेद	69	18
41	असंयम ग्रहण क्यों	70	18
42	असंयमी व अविरत सम्यग्दृष्टि	71	19
43	देशसंयम कहाँ	72	19
44	संयमासंयम	73	19
45	देशव्रती, सकलसंयमी नहीं	74-75	19
46	बारह व्रत	76	20
47	देशव्रती की ग्यारह प्रतिमाएँ	77-78	20
48	देशव्रत किसके?	79	21
49	पञ्चविध सकल संयम कहाँ?	80	21
50	महाव्रती कौन?	81-82	21
51	सामायिक व छेदोपस्थापना चारित्र	83-86	22
52	परिहार विशुद्धि संयम	87	23
53	परिहारविशुद्धि संयम किसके	88-89	23
54	परिहार विशुद्धि संयम के साथ विरोध	90	24
55	परिहारविशुद्धि कहाँ	91	24
56	परिहारविशुद्धि संयम काल	92-93	24
57	परिहारविशुद्धि संयत के लेश्या	94	25
58	सूक्ष्मसाम्पराय संयम	95	25
59	सूक्ष्मसाम्पराय किसके	96	25
60	सूक्ष्मसाम्पराय संयत के लेश्या	97	25
61	यथाख्यात संयम	98	26
62	यथाख्यात संयम का काल	99-100	26
63	यथाख्यात संयम किसके	101	27

64	संयम प्राप्ति योग्य काल	102-104	27
65	संयम के भेद	105	28
66	पुलाक	106	28
67	बकुश	107-108	28
68	कुशील	109	29
69	प्रतिसेवना कुशील	110	29
70	कषाय कुशील	111	29
71	निर्ग्रन्थ	112	29
72	निर्ग्रन्थों के भेद	113	30
73	स्नातक	114	30
74	किनके कौन सा संयम?	115-116	30
75	संयतों के उत्कृष्टत: ज्ञान	117-118	31
76	संयतों के जघन्यतम ज्ञान	119	31
77	संयतों के लेश्या	120-121	32
78	संयतों के उपपाद स्थान	122-124	32
79	संयम का फल समाधि	125	33
80	सल्लेखना कैसे?	126	33
81	संयम विशुद्धि में कारण-भावना	127-142	33
82	शुद्धोपयोग में शुद्धात्मानुभूति	143	37
83	अशुभ भावना सहित संयत की दुर्गति	144	37
84	अशुभ भावना के भेद	145	37
85	कन्दर्पी भावना	146-147	38
86	सम्मोही भावना	148	38
87	आसुरी भावना	149-150	38
88	किल्विष भावना	151-153	39
89	अशुभ भावना युत का उपपाद कहाँ?	154-155	39
90	संयम माहात्म्य	156-177	40
91	अन्तिम मङ्गलाचरण	178-181	45
92	ग्रन्थकार की लघुता	182	46
93	ग्रन्थ-प्रशस्ति	183	46

संजम-सारो

(संयम-सार)

मङ्गलाचरण

संजमफल-जुत्ताणं, सव्वसिद्धाणं सयलजिणाणं च।
साहूण सम्मत्ताइ-धम्मस्स सरस्सदीइ णमो॥1॥

संयम के फल से युक्त सभी सिद्ध व सकल जिनवर अर्थात् अरिहन्तों को नमस्कार हो। सर्व साधु (आचार्य, उपाध्याय, साधु), सम्यक्त्वादि धर्म व सरस्वती को नमस्कार हो।

अरिहादी णवदेवा, गुरुपरंपराए सव्वा सूरी।
मम गुरु-विज्जाणंदं, सूरिं णमंसामि भत्तीइ॥2॥

अरिहन्त प्रभु आदि नव देवता (अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, जिनधर्म, जिनागम, जिनचैत्य, जिनचैत्यालय), गुरु परम्परा के सभी आचार्य (चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी मुनिराज, महातपस्वी आचार्य श्री पायसागर जी मुनिराज, आध्यात्म योगी आचार्य श्री जयकीर्ति जी मुनिराज, भारत गौरव आचार्य श्री देशभूषण जी मुनिराज) एवं मेरे गुरु आचार्य श्री विद्यानन्द जी मुनिराज को मैं भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ।

ग्रन्थ-लेखन प्रतिज्ञा

संजमफलपत्तीए, सुइरं विमलसंजमं पालेदुं।
संजमसारं वोच्छे, पुव्वाइरियाणुसारेणं॥3॥

दीर्घकाल तक निर्मल संयम के पालन के लिए व संयम के फल की प्राप्ति के लिए पूर्वाचार्यों के अनुसार मैं (आचार्य वसुनन्दी मुनि) संयमसार नामक ग्रन्थ को कहता हूँ।

गुरुकृपा से ग्रन्थलेखन

अक्कपयासो अक्कं, विणा चंदेण सीयल-जुण्हा जह।
सिप्पीइ विणा मुत्ता, वइस्साणरेण उण्हत्तं॥4॥

चेयणं विणा जीवो, णह-मवगाहणत्तं गदी धम्मं।
अधम्मं ठिदी केवल-णाणं विणा ण जिणो जह तह॥5॥

कम्मविणासं मुत्ती, संजमं विणा सुद्धप्पणुभूदी।
रयणत्तयं सिवपहो, गुरुकिवं विणा गंथलिहणं॥6॥ (तिगं)

जिस प्रकार सूर्य के बिना सूर्य का प्रकाश, चन्द्रमा के बिना शीतल चाँदनी, सीप के बिना मोती, अग्नि के बिना ऊष्णता, चेतना के बिना जीव, आकाश के बिना अवगाहनत्व, धर्म के बिना गति, अधर्म द्रव्य के बिना स्थिति, केवलज्ञान के बिना जिनेन्द्र भगवान, कर्मविनाश के बिना मुक्ति, संयम के बिना शुद्धात्मानुभूति एवं रत्नत्रय के बिना मोक्षमार्ग सम्भव नहीं है, उसी प्रकार गुरुकृपा के बिना ग्रन्थ लिखना भी सम्भव नहीं है।

अंबमंजरिं पस्सिय, कोइला किण्हपज्जणणं केकी।
आयण्णिय वीणाए, महुरसंगीद-झुणिं मिगा य॥7॥

विउलधणं अवयच्छिय, दरिद्दा मादुं पस्सित्तु बाला।
जहेच्छभोयणं लहिय, छुहाउरा णंदं पावंति॥8॥

णो कंखंता ताणं, सुहपवित्ती पारब्भदि सहजेण।
तहेव गुरुपसादेण, हिदत्थं तप्परो लिहेदुं।।9।। (तिगं)

जिस प्रकार आम के बौंर को देखकर कोयल, काले बादलों को देखकर मयूर, बीन की मधुर सङ्गीत ध्वनि को सुनकर हरिण, विपुल धन को प्राप्तकर निर्धन व्यक्ति, माता को देखकर बालक, यथेच्छ भोजन को प्राप्तकर क्षुधातुर आनन्द को प्राप्त करते हैं, न चाहते हुए भी उनकी शुभप्रवृत्ति सहज ही प्रारम्भ हो जाती है, उसी प्रकार अपने गुरु की कृपा से सर्वहित के लिए मैं शास्त्र लिखने में तत्पर हुआ हूँ।

ग्रन्थ शोभा

मुत्तासोहं धारदि, अक्ककिरणेहि जह तह जलबिंदू।
वज्जस्स कच्चखंडं, संजदेसु संजम-सारो।।10।।

जिस प्रकार सूर्य की किरणों से जल की बून्द मुक्ता (मोती) की शोभा को धारण करती है, काँच खण्ड हीरे की शोभा को धारण करता है उसी प्रकार संयमीजनों में यह ग्रन्थ 'संयमसार' शोभा को धारण करने वाला है।

गंधोदगं सुपुज्जं, जिणाहिसेगस्स उवजुत्तणीरं।
तित्थगब्भसमये वरिसिद-रयणाणि महप्प-जुदाणि।।11।।

णिग्गंथाणं करतलगद-सामण्णभोयणं पि अमियं व।
जह तह सोहेज्ज किं ण, गंथो मोक्खकंखि-करेसुं।।12।। (जुम्मं)

जिस प्रकार जिनेन्द्रप्रभु के अभिषेक के लिए उपयुक्त नीर गन्धोदक पूज्य हो जाता है, तीर्थङ्कर के गर्भ के समय में बरसे

रत्न माहात्म्य से युक्त होते हैं, निर्ग्रन्थ गुरुओं के करतल में रखा सामान्य भोजन भी अमृत के समान हो जाता है उसी प्रकार यह ग्रन्थ मोक्ष-आकाङ्क्षियों के हाथों में सुशोभित होगा।

संजमसारो सद्दिट्ठि-अप्पणाणि-करगद-गंथो इमो।
देदुं केवलणाणं, समत्थो चिय परंपराए॥13॥

सम्यग्दृष्टि अल्पज्ञानी के हाथ में आया यह 'संयमसारो' ग्रन्थ परम्परा से उसे केवलज्ञान देने में समर्थ होता है।

ग्रन्थकार विनम्रता

गुरुकिवाइ पययमि सुदकिड्डं कुणंतो गंथलेहणस्स।
दुग्गम-कज्जं करिदुं, बालेणं सायर-तरणं व॥14॥

बालक के द्वारा सागर तैरने के समान श्रुत क्रीडा करते हुए ग्रन्थ लेखन करने के दुर्गम कार्य करने का मैं (आचार्य वसुनन्दी मुनि) प्रयत्न करता हूँ।

शुद्धात्मध्यान कैसे?

गंधेण विणा पुप्फं, मुत्तं सिप्पी य महुरिमं इक्खू।
सीयलत्तं च णीरं, उण्हत्तं विणा अग्गी जह॥15॥

आदवं विणा अक्को, उज्जोद-मिंदू पयासं दीवो।
मूलं विणा य रुक्खो, जोदिं णयणं जलं सिंधू॥16॥

अमुत्तित्तं विणा खं, पाणं पाणी दयं विणा धम्मो।
घिदं दुद्धं च दंसणविसुद्धिं विणा तित्थपइडी॥17॥

सम्मत्तं वेरग्गं, विणा सण्णाणं संजमो कमसो।
संजमं विणा तवो य, तं विणा सुद्धप्पज्झाणं।।18।। (चउक्कं)

जिसका प्रकार गन्ध के बिना पुष्प, मोती के बिना सीप, मधुरता के बिना गन्ना, शीतलता के बिना नीर, ऊष्णता के बिना अग्नि, आतप के बिना सूर्य, उद्योत के बिना चंद्रमा, प्रकाश के बिना दीप, जड़ के बिना वृक्ष, ज्योति के बिना नेत्र, जल के बिना सागर, अमूर्तिकपने के बिना आकाश, प्राण के बिना प्राणी, दया के बिना धर्म, घृत के बिना दूध व दर्शनविशुद्धि के बिना तीर्थङ्कर प्रकृति नहीं होती, उसी प्रकार सम्यक्त्व के बिना सम्यग्ज्ञान, वैराग्य के बिना संयम, संयम के बिना तप और उस तप के बिना शुद्धात्मध्यान नहीं होता।

मनुष्य भव बिना संयम नहीं

खवगसेणिं केवलं, अजोगावत्थं विणा सिद्धत्तं।
सयलसंजमो सुपत्त-दाणं विणा कम्मभूमिजं।।19।।

खइय-सम्मत्तं विणा, वज्ज-उसह-णाराय-संघडणं च।
पिदरेणं सिसु-जम्मं, संजमो विणा णरभवं तह।।20।। (जुम्मं)

जिस प्रकार क्षपकश्रेणी के बिना केवलज्ञान, अयोग केवली अवस्था के बिना सिद्धत्व, कर्मभूमिज बिना सकलसंयम व सुपात्रदान, वज्रऋषभनाराचसंहनन के बिना क्षायिक सम्यक्त्व, माता-पिता के बिना शिशु का जन्म सम्भव नहीं है, उसी प्रकार मनुष्य भव के बिना संयम सम्भव नहीं है।

संयम बिना आत्महित नहीं

सुपुण्णजदणेणं सग-सत्तीइ लहेदि मण-वय-कायेहि।
सद्दिट्ठी दु संजमं, जं ण अप्पहिदं विणा तेण॥21॥

सम्यग्दृष्टि जीव पूर्ण यत्न से, मन, वचन, काय से शक्तिपर्वूक संयम को प्राप्त करता है, क्योंकि उसके बिना आत्महित नहीं हो सकता।

संयम किसके लिए आवश्यक

भव-सरीर-भोयादो, परमविरत्तो जो अवि भव्वुल्लो।
कंखदि अप्पहिदं तस्स संजमो दु परमावसियो॥22॥

जो भव्यजीव संसार-शरीर-भोगों से परमविरक्त है और आत्महित की आकाङ्क्षा करता है, उसके लिए संयम परम आवश्यक है।

संयम हेतु योग नियन्त्रण आवश्यक

जणदि संजमो मण-वय-कायाण णिजंतंणेण विणा णो।
घिद-सक्करा-चणगेहि, विणा मोदग-णिम्माणं णो॥23॥

मन, वचन, काय के नियन्त्रण के बिना संयम उसी प्रकार उत्पन्न नहीं हो सकता जैसे घी, शर्करा व बेसन के बिना लड्डू नहीं बनाया जा सकता।

दीर्घ संसारी के संयमभाव भी नहीं

वेगुव्विय-तणु-धरणे, सुह-विकिरियाविहीण-णेरइया व।
दीहसंसारिजीवा, भाविदुं संजम-भावण-मसक्का॥24॥

जिस प्रकार वैक्रियक शरीर धारण करने पर भी नारकी शुभ विक्रिया करने में समर्थ नहीं होते, उसी प्रकार दीर्घ संसारी जीव संयम की भावना भाने में भी अशक्य होते हैं।

सुखाकाङ्क्षी के संयम नहीं

कंखदि देहसुहं जो, पदं पदिट्ठं इत्थिं भोयाइं।
तस्स कहं संजमो य, सीयलत्तणुभूदी णणले॥25॥

जो शारीरिक सुख, स्त्री, पद, प्रतिष्ठा, भोगादि की आकाङ्क्षा करता है, उसके संयम कैसे हो सकता है? उचित ही है—अग्नि में शीतलता की अनुभूति नहीं होती।

निगोद के दु:ख

कुणंति जम्मं मरणं, णिगोदे णंताणंत-संसारी।
एगुस्सासम्मि अट्ठदसवारं असंजमेणं दु॥26॥

असंयम के कारण अनन्तानन्त संसारी जीव, निगोद में एक श्वांस में अट्ठारह बार जन्म-मरण करते हैं।

सम्यक्त्वादि ग्रहण में असमर्थ जीव

वियलिंदिया असण्णी-पणिंदिया गहिदुं सम्मत्ताइं।
णियमादो असमत्था, एइंदिय-थावरजीवा वि॥27॥

एकेन्द्रिय स्थावर जीव, विकलेन्द्रिय व असञ्ज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव, सम्यक्त्वादि ग्रहण करने में नियम से असमर्थ होते हैं।

देश व सकल संयम के अपात्र

चउविहसुर-णेरइया, भोगकुभोगभूमिया तिक्काले।
देससंजमं सयलं, लहिदुं पि असमत्था सया हि।।28।।

चार प्रकार के देव, नारकी जीव, भोगभूमिज व कुभोगभूमिज तीनों कालों में सकलसंयम व देशसंयम को प्राप्त करने में भी सदा असमर्थ ही होते हैं।

तिर्यञ्चों के कदाचित् देशव्रत

कयाइ पुव्वपुण्णेण, कम्मभूमिजो सण्णी चिय तिरियो।
देसव्वदं हि सक्को, गहिदुं ण महव्वदं कया वि।।29।।

पूर्व पुण्य से कर्मभूमिज सञ्ज्ञी तिर्यञ्च जीव कदाचित् देशव्रत को ग्रहण करने में तो शक्य हैं किन्तु महाव्रत ग्रहण करने में कदापि शक्य नहीं हैं।

सकल संयम के अपात्र

कम्मभूमिजणरा अवि, णीयकुलुप्पण्णो जदि वियलंगो।
गहिदुं सयलसंजमं, असमत्थो खइयसम्मत्तं।।30।।

कर्मभूमिज मनुष्य भी यदि नीच कुल में उत्पन्न हों, विकलाङ्ग हों तो वे सकल संयम व क्षायिक सम्यक्त्व को ग्रहण करने में असमर्थ होते हैं।

संयम पात्रता

पुव्वभवेसु हिदत्थं, भाविदा संजमभावणा जेहिं।
ते सुणिमित्तं पाविय, संजमं गहेज्ज जदणेणं।।31।।

जिन भव्यजीवों ने स्वहित के लिए पूर्वभवों में संयम की भावना भायी, वे श्रेष्ठ निमित्त को प्राप्त कर यत्नपूर्वक संयम ग्रहण करते हैं।

जे कंखंति पदिट्ठा-पदित्थी-सुदत्थ-वाहण-भवणाणि।
विउल-इंदियसुहं ते, सुमिणे वि ण संजमं गहंति।।32।।

जो प्रतिष्ठा, पद, स्त्री, पुत्र, धन, वाहन, भवन, विपुल इन्द्रिय सुख की आकाङ्क्षा करते हैं वे स्वप्न में भी संयम ग्रहण नहीं कर सकते।

पजहित्तु कच्चखंडं, वज्ज-संपत्तीव विसं अमियस्स।
कीकररुक्खं विहाय, चंदणतरु-पत्तीव णिच्चं।।33।।

जीवविराहण-मुज्झिय, कुव्वेदि अच्चासण्ण-भव्वुल्लो।
जिणाराहणं गुरुवासणं सल्लेहणं भावेदि।।34।। (जुम्मं)

काँच खण्ड को छोड़कर हीरा, विष छोड़कर अमृत, कीकर के वृक्ष को छोड़कर चन्दन के वृक्ष की प्राप्ति के समान अति आसन्न भव्यजीव, जीव की विराधना (हिंसा) को छोड़कर जिनाराधना, गुरूपासना करता है एवं उत्तम सल्लेखना की भावना करता है।

बंधणबद्धो पंछी, उड्डीदुं कंखदि जह मुत्त-णहे।
कणयपंजरे वि णेव, उत्तमं भोयणं भोयाणि।।35।।

णिल्लुंछिय सद्दिट्ठी, तह सहजुवलद्ध-विसय-भोयाइं।
सव्वसेट्ठ-जदणेणं, पप्पोदि संजमं विरागी।।36।। (जुम्मं)

जिस प्रकार बन्धन में बन्धा हुआ पक्षी मुक्त आकाश में उड़ने की आकाङ्क्षा करता है, स्वर्ण पिंजरे में भी उत्तम भोजन

व भोगों की आकाङ्क्षा नहीं करता, उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि वैरागी सहजोपलब्ध विषयभोगों का त्यागकर यत्नपूर्वक सर्वश्रेष्ठ संयम को प्राप्त करता है।

वैराग्य बिना संयम भारभूत

संजमो भारभूदो, वेरग्गेणं विणा वि मूढाणं।
वहंत-दुही छुहोव्व दु, खज्जसामग्गि-मजाणंतो॥37॥

वैराग्य के बिना मूर्खों के लिए संयम उसी प्रकार भारभूत होता है जिस प्रकार खाद्य सामग्री को न जानते हुए उसे वहन करते हुए क्षुधातुर दुःखी होता है।

संयमियों के मध्य, संयम का अग्राहक मूर्ख

जो वराग-पिवासिदो, सरसीतडे वसंतो सुइरंतं।
पिवदि अण्णाणेण णो, सो दुही कहं हु मूढो णो॥38॥

जह तह णिवसंतो वदि-महव्वदीण णिअरम्मि सुइरंतं।
णेव सज्झायणेही, ण गहदि वदं किं मूढो णो॥39॥ (जुम्मं)

जैसे जो बेचारा प्यासा व्यक्ति दीर्घकाल तक जलाशय के तट पर रहता हुआ अज्ञानपूर्वक जल नहीं पीता और दुःखी होता है तो वह मूर्ख कैसे नहीं है? उसी प्रकार व्रती-महाव्रतियों के समूह में दीर्घकाल तक निवास करता हुआ स्वाध्यायप्रेमी नहीं होता, व्रतों को ग्रहण नहीं करता तो वह मूर्ख कैसे नहीं है? अर्थात् वह मूर्ख ही है।

दृष्टान्त-संयम की दुर्लभता

स-चुलसीदिलक्ख-दार-वट्टरायभवणे पवेसदारं।
घत्तंतो जम्मंधो, भमदि उग्घाडिदमिगं णवरि।।40।।

पययेदि उग्घाडिदुं, पत्तेयं संघट्टणेणं किण्णु।
पहुच्चित्तु उग्घाडिद-दार-णियडे कंडुयणादो।।41।।

ण आमुसंतो दारं, अग्गे गच्छीअ ण लहीअ तम्हा।
राय-पासादस्स बहु-विहवं सेट्ठभोयं सोक्खं।।42।।

मिच्छंधो तह ण लहदि, संजमसुहं विसयेसु रंजंतो।
अणादीदो भमंतो, चुलसीदि-लक्खजोणीसुं हु।।43।। (चउक्कं)

चौरासी लाख द्वार से युक्त गोल राजभवन में प्रवेश द्वार को ढूण्ढ़ता हुआ एक जन्मान्ध व्यक्ति भ्रमण कर रहा है किन्तु विशेषता यह है कि मात्र उनमें एक ही द्वार खुला हुआ है। वह धक्का देकर प्रत्येक द्वार को खोलने का प्रयत्न करता है किन्तु खुले हुए द्वार के निकट पहुँचकर खुजली होने से द्वार को स्पर्श किए बिना ही आगे बढ़ गया। इसलिए उसने राजप्रासाद के बहुत वैभव, श्रेष्ठ भोग व सुख को प्राप्त नहीं किया। उसी प्रकार अनादिकाल से चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करते हुए मिथ्यात्व से अन्धा जीव विषयों में रञ्जायमान होता हुआ संयम सुख को प्राप्त नहीं करता।

रत्नत्रय बिना स्वानुभूति नहीं

विणा रयणत्तयेणं, ण को वि संजमी सगप्पणुभूदो।
जह तह णो चक्की णव-णिहिं विणा चउदसरयणं च।।44।।

रत्नत्रय के बिना कोई भी संयमी स्वात्मानुभूति उसी प्रकार प्राप्त नहीं कर सकता जिस प्रकार नवनिधि, चौदह रत्न के बिना चक्रवर्ती नहीं होता।

भवभ्रमण के हेतु-राग व द्वेष

गगणे उड्डीदुं बेपक्खोव्व णदिं पवहिदुं दुतडोव्व।
चलिदुं णरस्स पदं व, भवं भमिदुं रायदोसं च॥45॥

जिस प्रकार आकाश में उड़ने के लिए दो पङ्ख, नदी के प्रवाहित होने के लिए दो तट और चलने के लिए मनुष्य के दो पैर होते हैं, उसी प्रकार संसार में भ्रमण करने के लिए राग और द्वेष हैं।

संयम की स्थिरता किससे?

रुक्खस्स चिय मूलं व, भवणस्स आहारोव्व थिरिमाए।
संजम-थेज्जस्स दु सज्झाओ वेरग्गं भत्ती य॥46॥

जैसे वृक्ष की स्थिरता के लिए जड़ है, भवन की स्थिरता के लिए नींव है उसी प्रकार संयम की स्थिरता के लिए स्वाध्याय, वैराग्य और भक्ति है।

संयम से विषयकषायादि शमित

सलिल-वरिसाए हंदि, काणणम्मि उवसमिद-महाणलं व।
उवसमदि संजमेणं, पावगं विसय-कसायाणं॥47॥

विषय-कषायों की अग्नि संयम से उसी प्रकार शमित हो जाती है, जैसे जल की वर्षा से वन में महाअग्नि शमित हो जाती है।

रत्नत्रय से मोक्षफल

रयणत्तय-वरिसाए, संतप्पा गुणभरिदो सिवफलिदो।
पसंता हरिद-पुप्फिद-फलिद-पुढवीव वरिसाए य॥48॥

जिस प्रकार वर्षा से पृथ्वी प्रशान्त, हरित, पुष्पित और फलित हो जाती है उसी प्रकार रत्नत्रय की वर्षा से आत्मा शान्त होती है, गुणों से भर जाती है और मोक्षफल से युक्त होती है।

सम्यक्त्व बिना संयम मोक्षकारक नहीं

सम्मत्तेण विणा णो, संजमो हु मोक्खकारणं कया वि।
सुहजोगाण बलेणं, देज्ज अब्भुदयसुहं मेत्तं॥49॥

सम्यग्दर्शन के बिना संयम कदापि मोक्ष का कारण नहीं है। वह शुभयोगों के बल से मात्र अभ्युदय सुख दे सकेगा।

सम्यक्त्व बिना संयम नहीं

जत्थ संजमो दु तत्थ, सम्मत्तं सण्णाणं वेरग्गं।
सम्मत्तहीणो दव्वसंजमो ण गणिज्जदि जमेसु॥50॥

जहाँ संयम है वहाँ सम्यक्त्व, सम्यग्ज्ञान और वैराग्य भी है। सम्यक्त्व से हीन द्रव्य संयम, संयमों में परिगणित नहीं होता।

आत्मगुणप्रकाशक-संयम

संजमो सुहद-णिहीव, णिच्चचिंत-चिम्मय-विहव-दायगो।
संजमो सुगुणपुंजो, अप्पगुण-पयासगो णिच्चं॥51॥

संयम सुखद निधि के समान है, संयम नित्य (शाश्वत) अचिंत्य चिन्मय वैभव को देने वाला है, संयम श्रेष्ठ गुणों का पुञ्ज है एवं नित्य आत्म-गुणों का प्रकाशक है।

संयम का लक्षण

असुहादो विणिवित्ती, सुहे पवित्ती चिय सुहभावेहिं।
भवतरुं णिल्लूरिदुं, तिक्खकुहाडोव्व संजमो दु॥52॥

अशुभ से निवृत्ति और शुभभावपूर्वक शुभ में प्रवृत्ति संयम है। संसार रूपी वृक्ष को जड़ से उखाड़ने के लिए संयम तीक्ष्ण कुठार के समान है।

सुह-सुद्ध-पवत्तिं संजमं संहरिदुं जम्मं मरणं च।
विणा णिरत्थगं तवो, झाणं पाणोव्व संजमीण॥53॥

शुभ व शुद्ध में प्रवृत्ति संयम है। जन्म व मरण को नष्ट करने के लिए यह संयम संयमियों के प्राण के समान है। संयम के बिना तप व ध्यान निरर्थक ही है।

व्यवहार संयम

सम्मत्तेणं सह वद-समिदि-आइ-पालणं जमरूवेण।
मणवयणकाय-गुडणं, पंचिंदियणिंदिय-जयणं च॥54॥

पुढवी-आइ-छक्काय-जीवाणं रक्खणं च ववहारो।
संजमो सोसिदुं भव-सिंधुं पचंड-मत्तंडोव्व॥55॥ (जुम्मं)

सम्यक्त्व के साथ यमपूर्वक व्रत, समिति आदि का पालन करना, मन, वचन, काय पर नियन्त्रण करना, पाँच इन्द्रिय व अनीन्द्रिय (मन) पर विजय प्राप्त करना एवं पृथ्वी आदि

षट्काय जीवों की रक्षा करना व्यवहार संयम है। यह संयम संसार सागर को अवशोषित करने के लिए प्रचण्ड सूर्य के समान है।

व्यवहार संयम के पर्यायवाची

अववादो ववहारो, अवहदसंजमो देसेग-चागो।
सरागचरियं पि सुहोवजोगो णेयो एगट्ठो।।56।।

अपवाद, व्यवहार नय, अपहृत संयम, एकदेश त्याग, सराग चारित्र और शुभोपयोग, ये सभी एकार्थवाची जानने चाहिए।

निश्चय संयम

सव्वाहिलासा-रहिदो, विअप्प-हीणो रयणत्तयमइए।
अप्पे णिट्ठिदो जत्थ, तत्थ णिच्छय-संजमो जाण।।57।।

जहाँ मुनिराज सभी अभिलाषाओं से रहित, विकल्प हीन हैं, अपनी रत्नत्रयमय आत्मा में निष्ठित हैं, वहाँ निश्चय संयम जानना चाहिए

निश्चय संयम के पर्यायवाची

णिच्छयो सव्वचागो, परमुवेक्खासंजमो उस्सग्गो।
वीयराय-चरियं तह, सुद्धोवओगो एगट्ठो।।58।।

निश्चयनय, सर्व त्याग, परम उपेक्षा संयम, उत्सर्ग, वीतराग चारित्र और शुद्धोपयोग, ये सभी एकार्थवाची हैं।

प्राणी व इन्द्रिय संयम

पाणि-इंदिय-संजमो, पाणिपीडा-परिहारो पढमो य।
पाणिंदिय-विसयाणं, णिग्गहो इंदिय-संजमो हि।।59।।

(प्राणी संयम व इन्द्रिय संयम के भेद से संयम दो प्रकार का है।) प्राणी पीड़ा का परिहार प्रथम प्राणि-संयम है और पञ्चेन्द्रिय विषयों का निग्रह इन्द्रिय संयम है।

सकल व विकल संयम

सयल-वियल-भेयादो, बेविहो वि संजमो जिणुद्दिट्ठो।
मुणीण सयल-संजमो, देसवदीण वियलो णेयो॥60॥

सकल संयम व विकल संयम के भेद से जिनेन्द्र भगवान के द्वारा दो प्रकार का संयम कहा गया है। मुनियों के सकल संयम एवं देशव्रतियों के विकल संयम जानना चाहिए।

उपेक्षा व अपहृत संयम

उवेक्खा-अवहदाणं, भेयादो वि बेविहो णादव्वो।
रायदोसणहिसंगो, उवेक्खा-संजमो मुणीणं॥61॥

उपेक्षा संयम और अपहृत संयम के भेद से भी संयम दो प्रकार का जानना चाहिए। राग और द्वेष रूप चित्तवृत्ति का न होना मुनियों के उपेक्षा संयम जानना चाहिए।

अपहृत संयम के भेद

उक्किट्ठ-मज्झ-जहण्ण-अवहदो तिविहो च णेयो पढमो।
बज्झजंतु-उवागदे, णियं रक्खिय जम-पालणं च॥62॥

उक्किट्ठ-अवहदो पुण, पमज्जिदूणं मिदु-उवयरणेणं।
जंतूणं परिहरणं, मज्झिम-अवहदो बोहव्वो॥63॥

अण्णाण-उवयरणाण, इच्छुगस्स जहण्ण-अवहदो जाण।
सोवयरणं च अवहद-संजदो विवरीयो इदरो॥64॥ (तिगं)

अपहृत संयम तीन प्रकार का जानना चाहिए—उत्कृष्ट, मध्यम व जघन्य। बाह्य जन्तुओं के आने पर स्वयं की रक्षा कर संयम का पालन करना प्रथम उत्कृष्ट अपहृत संयम है। मृदु उपकरण से प्रमार्जन कर जन्तुओं का परिहार करना मध्यम अपहृत संयम जानना चाहिए। अन्य उपकरणों की इच्छा रखने वाले के जघन्य अपहृत संयम जानना चाहिए। उपकरण सहित अपहृत संयम और इससे विपरीत अर्थात् उपकरण से रहित के उपेक्षा संयम होता है।

सतरह प्रकार का संयम

पणथावराण बे-ते-चउ-पणक्खाण अजीव-रक्खणं च।
अप्पडिलेहणं च दुप्पडिलेहण-मुवेक्खावहदो॥65॥

मणवयकायसंजमो, इत्थं सत्तरसविहो संजमो वि।
णियप्प-कल्लाणत्थं, मुणेदव्वो जिणसत्थेहिं॥66॥ (जुम्मं)

पाँच स्थावर (पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक) की रक्षा करना, दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय, चार इन्द्रिय एवं पाँच इन्द्रिय जीवों की रक्षा करना, अजीवकाय की रक्षा करना अर्थात् सूखे तृण आदि का छेद न करना, अप्रतिलेखन, दुष्प्रतिलेखन, उपेक्षा संयम, अपहृत संयम, मन, वचन व काय संयम इस प्रकार निजात्म कल्याण के लिए जिनशास्त्रों से सतरह प्रकार का संयम जानना चाहिए।

असंजम-देससंजम-सामाइय-छेदोवट्ठावणा य।
परिहारविसुद्धि-सुहुम-संपराय-जहक्खादा तह॥67॥

सत्तविहो णादव्वो, संजम-मग्गणाणुसारेणं खलु।
मिच्छो असंजदो चिय, उप्पज्जेज्जा चदुगदीसुं॥68॥ (जुम्मं)

संयम मार्गणा के अनुसार सात प्रकार का संयम जानना चाहिए–असंयम, देशसंयम, सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्म साम्पराय और यथाख्यात संयम। मिथ्यादृष्टि असंयमी चारों गतियों में उत्पन्न हो सकता है।

संयम मार्गणानुसार भेद

संजमो सत्तविहो दु, इत्थं संजममग्गणणुसारेण।
जहवि पंचहा वि जहाजोग्गं सरूवं परूवेमि॥69॥

इस प्रकार संयम मार्गणा के अनुसार संयम सात प्रकार का है। यद्यपि संयम पाँच प्रकार का होता है, अतः उसके यथायोग्य स्वरूप का मैं यहाँ प्ररूपण करता हूँ।

असंयम ग्रहण क्यों

असंजमो ण संजमो, मग्गणाए गवेसेज्ज जीवा य।
संजम-मग्गणाइ तं, गणिज्जदि असंजमो णादुं॥70॥

असंयम, संयम नहीं है। मार्गणा से जीवों की खोज की जाती है। अतः जीव को जानने के लिए संयम मार्गणा में असंयम परिगणित है।

असंयमी व अविरत सम्यग्दृष्टि

अणंताणंत-जीवा, असंजमी सव्वत्थ सया णियमा।
आतुरिय-गुणट्ठाणं, सव्व-असंजमी अविरदा य॥71॥

अनन्तानन्त जीव सर्वत्र सर्वदा असंयमी हैं। चौथे गुणस्थान तक सभी जीव नियम से असंयमी और अविरत होते हैं।

देशसंयम कहाँ

देससंजमो पणमं, णो पुण्ण-संजमो ण असंजमो य।
संजमासंजमो सुह-सण्णा मिस्सगुणट्ठाणं व॥72॥

देशसंयम, यह पाँचवाँ गुणस्थान है। यहाँ न संयम है, न असंयम है, संयमासंयम गुणस्थान है। 'संयमासंयम' यह शुभ सञ्ज्ञा मिश्रगुणस्थान के समान है।

संयमासंयम

विरदो थूलपावादु, किण्णु णेव सुहुमपावादु तम्हा।
सत्थगा संजमासंजम-सण्णा पंचम-ठाणस्स॥73॥

यह स्थूल पाप से विरक्त है, किन्तु सूक्ष्म पाप से विरक्त नहीं है अतः पञ्चम गुणस्थान की संयमासंयम सञ्ज्ञा सार्थक है।

देशव्रती, सकल संयमी नहीं

इंदिय-अणिग्गहाणो, अचागादो तह सुहुमपावाणं।
देसवदं पालंतो, णो सयलसंजमी वदी सो॥74॥

इन्द्रिय का निग्रह नहीं होने से, सूक्ष्म पापों का त्याग नहीं होने से, देशव्रत का पालन करते हुए वह देशव्रती, सकलसंयमी नहीं होता।

बारस-अविरदीसु-मिग-अविरदि-विरदो एयारसजुदो य।
देससंजमी तम्हा, ण सयलसंजमी सिद्धंते।।75।।

देशव्रती बारह अविरतियों में से एक अविरति से विरक्त होते हैं, ग्यारह अविरति से युक्त होते हैं इसलिए सिद्धान्त में वह सकल संयमी नहीं है।

बारह व्रत

पालेदि देसव्वदी, पणणुव्वद-सहिदसत्तसीलवदं।
तिगुणव्वदं चत्तारि-सिक्खावदं चिय सीलवदं।।76।।

देशव्रती पाँच अणुव्रत सहित सात शीलव्रत पालन करते हैं। तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत, ये सात शीलव्रत हैं।

देशव्रती की ग्यारह प्रतिमाएँ

दंसणाइ-एयारस-पडिमा देसव्वदीण विसोहीइ।
वदविड्ढीरूवा इग-देसमोक्खमग्गी सो।।77।।

देशव्रतियों के विशुद्धिपूर्वक व्रत वृद्धि रूप दर्शन प्रतिमा आदि ग्यारह प्रतिमाएँ होती हैं। वह देशव्रती एकदेश मोक्षमार्गी जानना चाहिए।

दंसण-वद-सामाइय-पोसहा सचित्त-रत्ति-भुत्तीणं।
बंभारंभ-परिग्गह-अणुमदि-उद्दिट्ठ-चागो तह।।78।।

दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषधोपवास, सचित्तत्याग, रात्रिभुक्ति त्याग, ब्रह्मचर्य, परिग्रह त्याग, अनुमति त्याग और उद्दिष्ट त्याग– ये श्रावक की ग्यारह प्रतिमाएँ हैं।

देशव्रत किसके?

मणुजा तिरिया मेत्तं, सक्कंति ओग्गहिदुं देसव्वदं।
बंधंते देवाउं, सण्णी पज्जत्त-सद्दिट्ठी॥79॥

मात्र मनुष्य व तिर्यञ्च ही देशव्रत ग्रहण करने में समर्थ होते हैं। सञ्ज्ञी पर्याप्त सम्यग्दृष्टि देवायु का बन्ध करते हैं।

पञ्चविध सकल संयम कहाँ?

सयलसंजमो पणहा, पमत्तादु आअजोगकेवली य।
सव्वसंजमीणं सय, जहाजोग्गं संविदिदव्वो॥80॥

प्रमत्त गुणस्थान से अयोग केवली गुणस्थान तक सभी संयमियों के सदा यथायोग्य पाँच प्रकार का सकल संयम जानना चाहिए।

महाव्रती कौन?

पंचमहव्वद-समिदी, अक्ख-जयो तिगुत्ती सडावसियं।
सत्तविसेसगुणा जग-वंदणीय-सयलसंजमीण॥81॥

जगत् वन्दनीय सकल संयमियों के पाँच महाव्रत, पाँच समिति, पञ्चेन्द्रिय जय, तीन गुप्ति, षटावश्यक व सात विशेष गुण होते हैं।

सामाइय-संजमी दु, अट्ठोत्तर-वीस-मूलगुण-सहिदा।
चउतीस-उत्तरगुणा, पालंति सत्ति-विसोहीए।।82।।

सामायिक संयमी अट्ठाईस मूलगुण से सहित होते हैं एवं अपनी शक्ति से विशुद्धिपूर्वक चौंतीस उत्तरगुणों का पालन करते हैं।

सामायिक व छेदोपस्थापना चारित्र

सामाइयं तहा छेदोवट्ठावणं पमत्तविरदादु।
आअणिवट्टी दु जत्थ, उदयेदि संजलणकसायं।।83।।

जहाँ सञ्ज्वलन कषाय का उदय रहता है ऐसे प्रमत्तविरत गुणस्थान से अनिवृत्तिकरण गुणस्थान तक सामायिक चारित्र के साथ छेदोपस्थापना चारित्र पाया जाता है।

अंतोमुहुत्तयालो, समत्तभावरूव-सामाइयस्स।
छेदोवट्ठावणस्स, वि उहयो हि सयल संजमीणं।।84।।

समत्वभावरूप सामायिक चारित्र का एवं छेदोपस्थापना चारित्र का काल अन्तर्मुहूर्त रहता है। ये दोनों ही चारित्र सकल संयमियों के रहते हैं।

वदेसु दोसजादेसु, पडित्ता सामाइय-संजमादो।
छेदोवट्ठावणं च, पावदि पुण पुण सामाइयं।।85।।

व्रतों में दोषों के उत्पन्न होने पर सामायिक संयम से गिरकर छेदोपस्थापना संयम प्राप्त करते हैं और पुनः पुनः सामायिक संयम प्राप्त करते हैं।

उहयो संजमो सया, जीवस्स उवयारी वरमित्तं व।
सामइय-गंभीरं व, छेदुवट्ठावण-चंचलं व॥86॥

दोनों ही संयम जीव के श्रेष्ठ मित्र के समान सदा उपकारी हैं। सामायिक संयम गम्भीर मित्र के समान और छेदोपस्थापना संयम चञ्चल मित्र के समान है।

परिहार विशुद्धि संयम

सव्वसावज्जादो य, पाणिवहादु णिवत्ती परिहारो।
तेण जुदो संजमो हि, संजमो परिहार-विसुद्धी॥87॥

सर्वसावद्य से और प्राणिवध से निवृत्ति परिहार है। उस परिहार से युक्त संयम ही परिहारविशुद्धि संयम है।

परिहार विशुद्धि संयम किसके?

तीसवासंत-मुत्तम-भोयाणि भुंजिदूण गिहत्थो जो।
तित्थयर-पादमूले, वासपुधत्तं पढेदि पुणो॥88॥

सुह-परिहारविसुद्धी, संजमो तस्स दु महातवस्सिस्स।
णियमा विवज्जिदो सो, तेजाहार-समुग्घादादु॥89॥ (जुम्मं)

जो गृहस्थ तीस वर्षों तक उत्तम भोगों को भोगकर पुनः तीर्थङ्कर के पादमूल में वर्ष पृथक्त्व अध्ययन करता है, उस महातपस्वी के शुभ परिहारविशुद्धि संयम होता है। वह परिहार विशुद्धि संयमी नियम से तैजस समुद्घात और आहारक समुद्घात से रहित होता है।

परिहार विशुद्धि संयम के साथ विरोध

मणपज्जयणाणं णो, तह पढमोवसमसम्मत्तं णेव।
परिहारविसुद्धिसंजमेण, सह कत्थवि कयावि खलु॥90॥

परिहारविशुद्धि संयम के साथ कहीं भी, कभी भी मन:पर्यय ज्ञान व प्रथमोपशम सम्यक्त्व नहीं होता।

परिहारविशुद्धि कहाँ

पमत्तापमत्त-विरदठाणेसु परिहारविसुद्धी खमो।
णेव सम्भवो अमाइ पुण्णमिअंगोव्व इदरेसुं॥91॥

प्रमत्तविरत व अप्रमत्तविरत गुणस्थानों में ही परिहारविशुद्धि संयम शक्य है। अन्य गुणस्थानों में वह ऐसे ही शक्य नहीं है जैसे अमावस्या की रात्रि में पूर्ण चन्द्रमा।

परिहारविशुद्धि संयम काल

परिहारविसुद्धीए, यालो चिय अडतीस-वासहीणो।
पुव्वकोडी जाणेज्ज, णाणीजणा जिणागमेणं॥92॥

ज्ञानीजनों को जिनागम से परिहारविशुद्धि संयम का काल अड़तीस वर्ष हीन पूर्वकोटि जानना चाहिए।

कइवया आइरिया दु, सोलसवासहीणपुव्वकोडी य।
वा बावीसवासूण-पुव्वकोडी अवि मण्णंते॥93॥

कुछ आचार्य परिहारविशुद्धि संयम का काल सोलह वर्षों से हीन पूर्वकोटि और कोई बाईस वर्षों से हीन पूर्वकोटि भी मानते हैं।

परिहारविशुद्धि संयत के लेश्या

पायो सुहलेस्सा णिच्चं परिहारविसुद्धि-संजदाणं।
णेव पावेदि णियमा, णिरयाइदुग्गदिं जोगी हु॥94॥

परिहारविशुद्धि संयतों के प्राय: नित्य शुभ लेश्या होती है। वे योगी नियम से नरक आदि दुर्गति को प्राप्त नहीं करते।

सूक्ष्मसाम्पराय संयम

गुणट्ठाणम्मि जस्सिं, सुहुम-उदयो लोह-संपरायस्स।
तत्थ दसम-ट्ठाणम्मि, सुहुम-संपराय-संजमो दु॥95॥

जिस गुणस्थान में लोभ साम्पराय (कषाय) का सूक्ष्म उदय होता है, उस दसवें गुणस्थान में सूक्ष्मसाम्पराय संयम होता है।

सूक्ष्म साम्पराय किसके

सुहुम-संपराय-गुणट्ठाणम्मि उवसामगो खवगो वा।
जदि खवगा तो णियमा, लहंति मोक्खं तम्मि भवम्मि॥96॥

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान में उपशामक अर्थात् उपशम श्रेणी वाले मुनिराज होते हैं या क्षपक अर्थात् क्षपक श्रेणी वाले मुनिराज होते हैं। यदि क्षपक मुनि हैं तो वे नियम से उसी भव में मोक्ष प्राप्त करते हैं।

सूक्ष्मसाम्पराय संयत के लेश्या

सुहुमसंपरायम्मि दु, सुक्कलेस्सारूव-परिणामा खलु।
तत्तो अग्गे णेव दु, सम्भवो सुहुमलोहुदयो वि॥97॥

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान में निश्चय से शुक्ल लेश्या रूप परिणाम होते हैं। उससे आगे सूक्ष्म लोभ का उदय भी सम्भव नहीं है।

यथाख्यात संयम

जहा अक्खादो दु जिण-समयम्मि संजमो दु जहक्खादो।
मोहणिज्जस्स हि एग-पइडि-उदयो असक्को अत्थ॥98॥

जिनागम में जैसा कहा गया है वही यथाख्यात संयम है। यहाँ मोहनीय कर्म की एक भी प्रकृति का उदय शक्य नहीं है।

यथाख्यात संयम का काल

जह अप्पस्स सहावो, जहक्खाद-संजमो तम्मि वसणं।
उवसामगस्स संजम-यालो चिय अंतोमुहुत्तो॥99॥

आत्मा का जैसा स्वभाव है, उसी में वास करना यथाख्यात संयम है। उपशामक मुनिराज के लिए यथाख्यात संयम का काल अन्तर्मुहूर्त है।

किंचिमुहुत्तजुत्तट्ठ-वासहीण-कोडिपुव्वो खवगाण।
जहक्खादस्स विज्जंतस्स यालो तियठाणेसुं॥100॥

क्षपक मुनिराजों के लिए तीनों (क्षीण मोह, सयोग केवली, अयोग केवली) गुणस्थानों में विद्यमान यथाख्यात संयम का काल कुछ अंतर्मुहूर्त सहित आठ वर्ष कम एक कोटिपूर्व है।

यथाख्यात संयम किसके

जहक्खादो दु सक्को, छउमत्थाणं तहा केवलीणं।
उवसंतादो णियमा, अजोगंत-मिमो संजमो दु॥101॥

छद्मस्थों तथा केवलियों के यथाख्यात संयम शक्य है। यह संयम नियम से उपशान्त मोह से अयोग केवली गुणस्थान तक होता है।

